संख्या सीबीएसई/सीई/पीपीएस/2022 **दिनांक: 28.04.2022**

सेवा में,
भारत और विदेश में
टर्म–II परीक्षा केंद्रों के केंद्र अधीक्षक

विषय: कोविड और गर्मी से बचाव के लिए समुचित व्यवस्था।

प्रिय महोदय/ महोदया

वर्तमान में कोविड की स्थिति और गर्म हवाओं को देखते हुए, निम्नलिखित का पुन: उल्लेख किया जाता है:-

1. बोर्ड ने कोविड के प्रसार को रोकने के लिए उचित व्यवस्था करने हेतु परीक्षा दिवस के लिए प्रति दिन प्रति अभ्यर्थी 5/-रुपये और 5,000/-रुपये निर्धारित का भुगतान किया है, यह अनुरोध किया जाता है कि परीक्षा केंद्र पर सुदृढ़/ अचूक व्यवस्था की जाए और कोविड प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन किया जाए जैसा कि केंद्र अधीक्षकों की पूर्ण टर्म- II परीक्षा, 2022 के दिशा-निर्देशों में दिया गया है और जैसा संबंधित राज्य सरकार द्वारा निर्देश दिया गया है।

2. सीबीएसई ने पीने योग्य पानी उपलब्ध कराने के लिए प्रति दिन प्रति अभ्यर्थी 2/-रुपये का भुगतान करने का भी निर्णय लिया है। इसलिए परीक्षा केंद्र पर पेयजल की उचित व्यवस्था की जाए।

इस मामले में व्यवस्था करने के लिए और अन्यथा भी आपके व्यक्तिगत हस्तक्षेप/ सहयोग से छात्रों और कर्मचारियों आदि के बेहतर स्वास्थ्य सूचकांक को बनाए रखने में सहायता मिलेगी।

भवदीय
हस्ता/-
(डॉ संयम भारद्वाज)
परीक्षा नियंत्रक

प्रति: वेब प्रबंधक को सीबीएसई वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित